भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2081**

जिसका उत्तर सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक) को दिया गया

**अटल पेंशन योजना के लक्ष्य एवं उद्देश्य**

2081. श्री सी. एम. रमेश:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अटल पेंशन योजना के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के लिए पात्रता मानदण्डों का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2015 में एपीवाई के आरंभ से लेकर अब तक इसके अंतर्गत नामांकित किए गए लोगों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या अटल पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है? और

(ड़) विगत वर्षों में एपीवाई के अंतर्गत मिलने वाले लाभ का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) और (ख):** अटल पेशन योजना (एपीवाई) का उद्देश्य सभी भारतीयों, विशेषकर गरीबों, अल्पसेवितों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सर्व-सुलभ सामाजिक सुरक्षा प्रणाली तैयार करना है। यह योजना बैंक अथवा डाक-घर में बचत बैंक खाता रखने वाले 18-40 वर्ष के बीच की आयु के भारत के सभी नागरिकों के लिए है। असंगठित क्षेत्र के कामगारों को गारंटीशुदा पेंशन प्रदान करने के बेहतर लक्ष्य के लिए दिनांक 1.1.2022 से आयकरदाता एपीवाई में शामिल होने के पात्र नहीं होंगे।

**(ग):** शुरुआत से ही एपीवाई के अंतर्गत नामांकनों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा, अनुबंध क में दिया गया है।

**(घ):** एपीवाई योजना शामिल होने की उम्र और चयन की गई पेंशन राशि के आधार पर प्रति माह 1000 रुपए, 2000 रुपए, 3000 रुपए, 4000 रुपए और 5000 रुपए की लचीली न्यूनतम गारंटीयुक्त पेंशन प्रदान करती है। तदनुसार, वर्तमान में प्रति माह अभिदान राशि चुने गए विकल्प के आधार पर 42 रुपये से 1454 रुपये तक अलग-अलग होती है। एपीवाई योजना न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है और पेंशन राशि में किसी भी प्रकार की वृद्धि से अभिदान राशि में पर्याप्त वृद्धि होने और अभिदाता पर अतिरिक्त बोझ पड़ने की संभावना है। वर्तमान में, इस योजना को समान नियम और शर्तों के साथ जारी रखने और पेंशन और परिणामी अभिदान राशि में और वृद्धि न करने का निर्णय लिया गया है।

**(ड़):** दिनांक 28.6.2024 की स्थिति के अनुसार, अपने शुरुआत से ही एपीवाई के अंतर्गत भारित औसत रिटर्न 9.22% है।

****

अनुबंध (क)

**"अटल पेंशन योजना के लक्ष्यों और उद्देश्यों" के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2081 जिसका उत्तर दिनांक 05.08.2024 को दिया गया।**

एपीवाई के अंतर्गत राज्य-वार और वर्ष-वार संचयी सकल नामांकन

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | दिनांक 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.03.2020 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.03.2021 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.03.2023 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.03.2024 की स्थिति के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 996 | 1,902 | 3,594 | 4,896 | 6,089 | 7,312 | 12,770 | 17,948 | 22,656 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,82,094 | 3,54,421 | 6,33,089 | 9,92,202 | 13,64,153 | 18,79,471 | 22,99,498 | 28,20,938 | 33,84,368 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,988 | 4,267 | 7,577 | 10,866 | 15,313 | 25,264 | 47,349 | 72,865 | 92,840 |
| 4 | असम | 38,831 | 68,793 | 2,08,508 | 2,85,179 | 4,16,585 | 6,53,721 | 8,86,076 | 11,98,121 | 15,39,044 |
| 5 | बिहार | 2,62,416 | 5,31,158 | 10,35,501 | 15,31,911 | 20,81,488 | 28,22,476 | 39,97,372 | 50,63,225 | 62,26,052 |
| 6 | चंडीगढ़ | 4,847 | 8,690 | 15,268 | 21,777 | 30,196 | 43,048 | 59,585 | 93,044 | 1,14,694 |
| 7 | छत्तीसगढ | 33,008 | 74,358 | 1,56,366 | 2,45,602 | 3,55,448 | 5,31,692 | 7,62,034 | 10,43,809 | 13,16,508 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 5,020 | 11,597 | 30,473 | 61,616 | 76,402 | 53,650 | 80,916 | 1,13,864 | 1,37,976 |
| 9 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 54,286 | 93,161 | 1,73,884 | 2,65,634 | 3,88,537 | 4,88,379 | 6,93,393 | 9,05,956 | 10,75,824 |
| 10 | गोवा | 7,042 | 13,188 | 25,629 | 62,615 | 75,383 | 95,286 | 1,26,865 | 1,60,799 | 1,85,914 |
| 11 | गुजरात | 1,36,891 | 2,54,603 | 4,70,556 | 7,11,785 | 9,81,686 | 12,42,093 | 16,07,503 | 19,64,476 | 23,56,932 |
| 12 | हरियाणा | 59,143 | 1,07,990 | 2,10,849 | 3,24,435 | 4,71,620 | 6,18,505 | 7,97,787 | 10,78,626 | 13,40,929 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 25,807 | 38,558 | 69,284 | 1,01,474 | 1,53,639 | 2,08,917 | 2,92,622 | 86,054 | 4,69,033 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 17,778 | 28,432 | 41,383 | 56,439 | 71,732 | 88,452 | 1,14,664 | 1,54,699 | 1,93,584 |
| 15 | झारखंड | 43,985 | 96,451 | 2,19,579 | 3,50,165 | 5,42,790 | 8,15,229 | 11,35,106 | 15,34,599 | 19,41,856 |
| 16 | कर्नाटक | 1,85,016 | 3,37,339 | 6,62,845 | 10,99,381 | 14,82,149 | 18,76,534 | 22,94,858 | 27,63,104 | 32,89,016 |
| 17 | केरल | 51,335 | 1,06,335 | 2,10,848 | 3,45,377 | 4,92,321 | 6,09,790 | 7,52,097 | 9,07,751 | 10,97,107 |
| 18 | लद्दाख | - | - | - | - | 2,290 | 2,665 | 3,209 | 4,454 | 5,223 |
| 19 | लक्षद्वीप | 355 | 2,241 | 3,666 | 4,652 | 5,178 | 4,558 | 5,606 | 6,943 | 7,454 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1,28,219 | 2,42,989 | 4,83,883 | 7,46,827 | 11,79,893 | 17,52,349 | 22,94,421 | 30,01,318 | 38,07,122 |
| 21 | महाराष्ट्र | 2,24,562 | 4,04,471 | 7,35,444 | 11,90,986 | 17,22,536 | 23,17,313 | 30,97,671 | 40,73,950 | 51,26,342 |
| 22 | मणिपुर | 4,533 | 7,185 | 11,273 | 21,862 | 47,694 | 41,328 | 64,089 | 97,589 | 1,18,134 |
| 23 | मेघालय | 5,534 | 8,258 | 11,185 | 35,439 | 55,097 | 35,247 | 65,352 | 97,735 | 1,18,647 |
| 24 | मिजोरम | 1,073 | 9,029 | 14,571 | 20,457 | 29,127 | 18,481 | 28,665 | 39,651 | 48,083 |
| 25 | नागालैंड | 9,048 | 18,260 | 32,770 | 60,578 | 81,257 | 42,003 | 75,647 | 1,11,874 | 1,40,387 |
| 26 | उड़ीसा | 1,08,126 | 1,85,484 | 3,37,979 | 4,93,842 | 7,61,795 | 11,35,243 | 15,04,968 | 18,99,877 | 23,52,825 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 4,480 | 7,652 | 18,270 | 34,450 | 45,798 | 52,930 | 63,446 | 75,098 | 86,888 |
| 28 | पंजाब | 75,505 | 1,58,218 | 3,25,043 | 4,76,401 | 6,76,084 | 8,83,367 | 11,18,351 | 14,68,720 | 18,05,373 |
| 29 | राजस्थान | 1,14,929 | 2,84,070 | 4,88,518 | 6,95,201 | 10,28,059 | 14,68,762 | 21,05,600 | 28,08,352 | 34,87,527 |
| 30 | सिक्किम | 3,918 | 6,889 | 21,756 | 60,677 | 1,05,221 | 58,517 | 1,21,006 | 1,92,819 | 2,48,085 |
| 31 | तमिलनाडु | 1,67,585 | 3,42,810 | 7,90,482 | 12,24,868 | 17,36,428 | 22,57,374 | 29,29,240 | 36,54,283 | 43,70,049 |
| 32 | तेलंगाना | 59,681 | 1,33,925 | 2,53,263 | 4,36,472 | 6,58,329 | 7,45,965 | 10,00,678 | 13,25,709 | 16,76,324 |
| 33 | त्रिपुरा | 4,620 | 12,164 | 24,939 | 47,801 | 74,720 | 1,02,019 | 1,39,317 | 1,88,110 | 2,39,629 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2,66,827 | 6,34,576 | 13,62,314 | 22,51,904 | 32,42,742 | 45,40,489 | 60,72,347 | 82,08,639 | 1,03,32,563 |
| 35 | उत्तराखंड | 17,288 | 40,515 | 83,839 | 1,29,661 | 2,25,837 | 3,01,922 | 4,03,359 | 5,42,097 | 6,72,437 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1,54,074 | 2,53,618 | 5,30,132 | 10,13,487 | 16,15,923 | 23,92,636 | 30,70,457 | 39,77,650 | 49,20,094 |

**स्रोत: पीएफआरडीए**

*****